an>

Title: Need to set up CNG filling stations in Kachchh Parliamentary Constituency of Gujarat.

श्री विनोद लखमाशी चावड़ा (कच्छ) : अध्यक्ष महोदया, मैं सरकार के सामने एक जरूरी बात आपके माध्यम से रखना चाहता हूं। आज पेट्रोलियम और डीजल की तुलना में सी.एन.जी. उच्च क्षमताधारक ईंधन है, जिससे यह काफी फायदे वाला ईंधन है। यह ईंधन हवा से और धूल से भी हल्का है, साथ ही साथ यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक नहीं है और आरोग्यकारक है। सी.एन.जी. ईंधन से बहुत कम मात्रा में कार्बनऑक्साइड निकलता है, जिससे वाहन के ल्यूब्रिकेट ऑयल, स्पार्क प्लग, ड्रम वॉल्व, पिस्टन और अन्य पुर्जों का जीवन बढ़ता है। इससे वाहन मालिकों को आर्थिक फायदा भी होता है। इस वजह से देश में कई इलाकों में सी.एन.जी. पम्प स्टेशंस लगाए गए हैं। लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र कच्छ जिले में एक भी सी.एन.जी. पम्प स्टेशन नहीं है। कच्छ में विश्व स्तरीय पर्यटन धाम हैं। वहां पर हर साल लोग अपने वाहनों से आते हैं। लेकिन कच्छ में सी.एन.जी. वितरण की कोई सुविधा न होने से आने वाले अनेक पर्यटकों और वाहन चालकों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। मेरी आपके माध्यम से सम्बन्धित मंत्रालय से मांग है कि कच्छ जिले में जल्द से जल्द सी.एन.जी. पम्प स्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।